## सत्र 2020-21 में महाविद्यालय की गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ

हरियाणा राज्य की इस गौरवशाली एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था की स्थापना वर्ष1968 में एजुकेशन सोसायटी हाँसी द्वारा की गई। 15 फरवरी 1980 को हरियाणा सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया। 01 सितम्बर 1988 को वर्तमान भवन में कक्षाओं का शुभारम्भ हुआ। वर्तमान में महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं आदि समेत कुल 52 कमरे, एक बहुउद्देशीय हाल एवं एक कान्फ्रैंस रूम है। महाविद्यालय में एम.कॉम, पी.जी.डी.सी.ए., पी.जी. डिप्लोमा इन योगा, बी.कॉम. बी.ए., बी.सी.ए., बी.एस.सी. (नॉन मैडिकल) तथा बी.एस.सी. ऑनर्ज (मैथ) के पाठ्यक्रम हैं। जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 1988 है। महाविद्यालय में वर्तमान में 63 प्राध्यापक एव प्राध्यापिकाएं कार्यरत हैं।

**पुस्तकालय :** यह सर्वविदित है कि समृद्ध पुस्तकालय शिक्षण संस्थान का आवश्यक आधार होता है। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विषयों के साथ ही सम, सामयिक विषयों सहित हमारे महाविद्यालय के पुस्तकालय में 21910 पुस्तके हैं। पुस्तकालय में 12 राष्ट्रीय समाचार पत्र तथा 10 पत्रिकाएं नियमित रूप से पाठकों को उपलब्ध कराई जाती हैं। पुस्तकालय पूर्णतया वातानुकूलित एवं समस्त आवश्यक उपकरणों से परिपूर्ण है एवं सभी विद्यार्थियों के लिए समुचित व्यवस्था से सम्पन्न है।

**भित्ति पत्रिका** - महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की मानसिक संतुष्टि, कला की पुष्टि एवं ज्ञानवर्धन हेतु भित्ति पत्रिका का प्रावधान है। इसके अन्तर्गत कविता लेखन, चित्रकला, कार्टून, व्यंग्य आदि में अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी कला का इस सत्र 2020.21 में सुन्दर एवं सकारात्मक प्रदर्शन किया।

शैक्षणिक गतिविधियां - अपनी शानदार परम्पराओं को कायम रखते हुए विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हमारे महाविद्यालय के बी.एस.सी. प्रथम वर्ष (नॉन मैडिकल) के विद्यार्थी राहुल ने विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान तथा बी.ए. प्रथम वर्ष के अंकित सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय की गौरवमयी परम्परा को कायम रखा।

**राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद द्वारा महाविद्यालय निरीक्षण** - इस सत्र के दौरान **NAAC** टीम द्वारा दिनांक 27-01-2021 एवं 28-01-2021 को महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया तथा महाविद्यालय को **NAAC** द्वारा 2.5/4.00 स्कोर दिया गया और **B** ग्रेड दिया गया जो 5 वर्षो तक मान्य होगा।

विज्ञान परिषद एवं विज्ञान प्रदर्शनी - महाविद्यालय में सभी विषयों की परिषद् है जो कि वर्षभर सक्रिय रहती है। महाविद्यालय में दिनांक 07/01/2021 को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कम्प्यूटर विज्ञान की टीम ने प्रथम, रसायन विज्ञान की टीम ने द्वितीय तथा भूगोल विज्ञान की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तत्पश्चात राजकीय महाविद्यालय आदमपुर में दिनांक 19-01-2021 को आयोजित अर्तजिला विज्ञान प्रदर्शनी में महाविद्यालय की टीम (कम्प्यूटर ज्ञिान) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

भूगोल विभाग द्वारा भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का चयन करने के लिए दिनांक 09-02-2021 को चयन परीक्षा आयोजित की गई, इन चयनित विद्यार्थियों की प्रति सप्ताह दो अतिरिक्त कक्षाएं विशेष रूप से लगाई जाती रही हैं।

**आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ** - आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 03.09.2020 को महाविद्यालय के शिक्षकवृन्द को **AQAR** 2019-20 से सम्बन्धित **Data Collection** का प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को अपने अनुभव सांझा करने के लिए 'Golden Moments G.C. Hansi' नामक YouTube Channel निर्मित किया गया।

Library Advisory Committee के लिए Software (Capacity Building Programme on SOUL) तैयार किया गया।

IQAC द्वारा NAAC Accreditation Process को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाते हुए दिनांक 27/01/2021 एवं 28/01/2021 को NAAC Peer Team की Visit करवाई गई, जिसके परिणामस्वरूप महाविद्यालय को बी ग्रेड प्रदान किया गया। इसके लिए महाविद्यालय का समस्त स्टाफ विशेषतया IQAC टीम बधाई की पात्र है।

महिला प्रकोष्ठ – महिला प्रकोष्ठ महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के चहुँमुखी विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित करवाता रहता है। प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 3/11/2020 को 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर ऑनलाईन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता दिनांक 05/01/2021 को ऑनलाईन क्विज कम्पीटीशन । दिनांक 04/01/2021 से 10/01/2021 तक जूडो कराटे के लिए Workshop दिनांक 25/01/2021 को विस्तारभाषण एवं दिनांक 21/03/2021 को रक्त जाँच शिविर का आयोजन करवाया गया।

**कैरियर काऊंसलिंग ब्यूरो एवं प्लेसमैंट सैल** – सम सामयिक विषयों पर प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु समय–समय पर विद्यार्थियों का उचित मार्ग दर्शन किया गया और रोजगार विषयक जानकारी प्रदान की गई।

सीखो व कमाओं (Earn While You Learn) - सत्र 2020–21 में उच्चतर शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 100000/– रूपये की अनुदान राशि प्रदान की गई और इस योजना के अन्तर्गत 33 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

**बर्सर** – श्री जोगेन्द्र सिंह एसोसिएट प्रोफैसर (संस्कृत) बर्सर का कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं।

**रेड रिबन क्लब** – इसका मूल उद्देश्य **HIV/AIDS** की रोकथाम करना तथा सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस क्लब के सदस्य **HIV/AIDS** के विषय में जागरूकता उत्पन्न करने एवं स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने के शुभ कार्य में संलग्न हैं। क्लब द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विस्तार भाषण आयोजित करवाया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय विडियो मेकिंग/शॉर्ट फिल्म कम्पीटीशन में सहभागिता की एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)** – महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयां कार्यरत हैं, जिनके द्वारा समय–समय पर विशेष कार्यक्रमों जैसे वृक्षारोपण, जल संरक्षण, सामुदायिक शिक्षा, पर्यावरण शिक्षा, स्वच्छता जागरूकता आदि का आयोजन किया जाता रहा है।

राष्ट्रीय कैडेट कोर – महाविद्यालय में एन.सी.सी. आर्मी विंग एक प्लाटून **II** हरियाणा भिवानी के अन्तर्गत कार्यरत है। इस समय इसमें 69 कैडेट (47 लडके एवं 22 लड़कियां) हैं। हमारे महाविद्यालय के कैडेट्स ने इस सत्र के दौरान महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों में सक्रियता से भाग लिया। हमारे कैडेट सोहित ने IMA Dehradun में दिसम्बर 2020 में आयोजित **Army Attachment Camp** में भाग लिया।